फर्द अहकाम

कार्यालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमंद

श्री भैरू लाल पिता पेमा राम निवासी पीपला पोस्ट थाणा तहसील करेडा जिला भीलवाड़ा पिनकोड- 311804

– अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देवगढ – प्रत्यर्थी

पत्रावली संख्या 41 / 2024

किस्म मुकदमा – अपील सूचना का अधिकार, 2005

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाए जारी की गई
	दिनांक 29.05.2024	

पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देवगढ से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर सूचना लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देवगढ से वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया।

लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देवगढ से जरिये पृष्ठांकित अपीलार्थी क्रमांक – सूकाअ / 13 / 2024 / 67 दिनांक 29.05.2024 से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत प्रार्थी द्वारा आवेदन किया गया था। ग्राम चककालागुन पटवार हल्का ताल का नामान्तरकरण सं. 50 की प्रमाणित प्रति एवं खसरा संख्या 70 एवं 71 की जमाबन्दी नकल प्रार्थी को उपलब्ध कराई गई।

लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देवगढ की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देवगढ की रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई वांछित सूचना जरिये पृष्ठांकित पत्र क्रमांक – सूकाअ / 13 / 2024 / 67 दिनांक 29.05.2024 द्वारा उपलब्ध करवा दी जाने से उक्त प्रकरण खारिज किया जाता है।

निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देवगढ को भिजवायी जावे।

पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
(जिला कलक्टर) राजसमंद

न्यायालय जिला कलक्टर
राजसमन्द (राज.)